**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक: 28 नवंबर, 2024 :**

**माननीय राज्यपाल ने मोरहाबादी, राँची में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में श्री हेमन्त सोरेन को झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।**

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज मोरहाबादी, राँची में आयोजित एक भव्य शपथ ग्रहण समारोह में श्री हेमन्त सोरेन को झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर माननीय राज्यपाल महोदय ने श्री सोरेन को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दीं। इससे पूर्व मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी ने माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन की नियुक्ति संबंधी वारंट को पढ़ा तथा राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ० नितिन कुलकर्णी द्वारा माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को शपथ ग्रहण हेतु आमंत्रित किया गया।

उक्त शपथ ग्रहण समारोह में माननीय नेता प्रतिपक्ष, लोक सभा श्री राहुल गाँधी, माननीय नेता, विपक्ष, राज्य सभा श्री मल्लिकार्जुन खरगे, पश्चिम बंगाल की माननीया मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी, पंजाब के माननीय मुख्यमंत्री श्री भगवंत मान, तमिलनाडु के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री उदयनिधि स्टालिन, कर्नाटक के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री डी०के० शिवकुमार, तेलंगाना के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री मल्लू

भट्टी विक्रमार्क, झारखण्ड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद श्री शिबू सोरेन, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष, बिहार विधान सभा श्री तेजस्वी यादव, माननीय लोक सभा सांसद श्री पप्पू यादव, माननीय राज्यसभा सांसद श्री राघव चड्ढा समेत सहित कई अन्य विशिष्ट अतिथिगण, सांसदगण, विधायकगण तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा व पुलिस सेवा के वरीय पदाधिकारीगण एवं आमजन मौजूद थे।

राज्यपाल महोदय ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम के पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्य सभा सांसद श्री शिबू सोरेन तथा माननीय मुख्यमंत्री की माता श्रीमती रूपी सोरेन का कुशलक्षेम पूछा।

---